से कार्य किये हैं जिसकी प्रशंसा करना शब्दों में मुश्किल है । पंडित जी स्पष्ट वक्ता थे और उन्होंने पत्रकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त की थी, उन्होंने कई ग्रन्थ भी लिखे । पंडित जी कांग्रेस के एक समर्पित नेता थे और शुरू से लेकर अन्त तक इधर उधर नहीं झांका । जब कांग्रेस में बहुत बड़ा संकट आया था ऐसे वक्त इंडीकेट सिंडीकेट का संगठन हुआ उस वक्त पंडित कमला पति त्रिपाठी जी ने ताल ठोककर इंदिरा जी का साथ दिया और अन्त तक वह कांग्रेस से जुड़े रहे ।

मान्यवर, पंडित कमला पति त्रिपाठी बहुत ही ईश्वर भक्त थे लेकिन धर्मान्धता नाम की चीज उनके अन्दर नहीं थी । कांग्रेस में वह पहले व्यक्ति थे जिन्होंने राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के सवाल पर स्पष्ट रूप से कहा था कि अगर मस्जिद गिरायी गयी तो इससे देश की एकता और अखण्डता को बहुत नुक्सान पहुंचेगा । मस्जिद अगर गिरायी गयी और उस पर फावड़ा अगर चला तो पहला फावड़ा हमारे गर्दन पर चलेगा । इस तरह का बयान कांग्रेस के अन्दर और किसी व्यक्ति ने नहीं दिया था और आज ऐसी घड़ी है जब देश की एकता और अखण्डता के लिए खतरा पैदा हो गया है और साम्प्रदायिक शक्तियां सिर उठा रही हैं । उनके सामने देश का महत्व नहीं है बल्कि वह एक सीमित दायरे से सोच रहे हैं जो देश के लिए बहुत ही नुक्सानदेह साबित होने वाला है । मान्यवर, पंडित जी एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे लगातार उन्होंने आजादी की लड़ाई में हिस्सा लिया और जीवन पर्यन्त इस देश के हित के लिये, देश के फायदे के लिये संघर्ष करते रहे । वे इस सदन के लगातार सदस्य रहे । मंत्री रहे । केन्द्र में भी मंत्री रहे । जब वह रेल मंत्री रहे, तब उनके जमाने में रेलों का काफी विस्तार हुआ । कई रेलें चलाई गयीं । उन्होंने कई स्टेशनों का सौंदर्यीकरण किया, जिसको आज भी जनता याद करती है । मान्यवर, इन शब्दों के साथ मैं अपनी ओर से, अपने दल की ओर से मा0 पंडित जी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आपसे यह निवेदन करता हूं कि हमारी और हमारे दल की संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार को भेजने की कृपा करें ।

श्री शेख मोहम्मद सुलेमान–

मा0 अध्यक्ष जी, मा0 नेता सदन, मा0 नेता विरोधी दल और मेरे बुजुर्ग नारायण दत्त तिवारी जी, मा0 नेता विरोधी दल भारतीय जनता पार्टी मा0 कल्याण सिंह जी, रामचन्द्र बख्श सिंह जी, राजकिशोर सिंह जी, मुझे बहुत दुःख है कि हमारे बुजुर्ग पंडित कमलापति त्रिपाठी जी आज हमारे बीच में नहीं रहे । इस मुल्क को आजाद कराने में उनकी बड़ी अहम भूमिका रही । एक और खास बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मेरे स्वर्गीय वालिद (शेख उल्फा बख्श) जो इस सदन के सदस्य रहे, उनके साथी रहे । इससे मुझे पंडित कमलापति त्रिपाठी जी से प्रेरणा मिलती रही और मैं उनकी प्रेरणा पर चलता रहा । वह आखिरी समय में जबकि चारपाई पर रहे, बीमार रहे, इस देश की एकता और अखण्डता को बनाए रखने के लिये भारत के सभी लोगों से अपनी अपील करते रहे । उन्होंने भाईचारे की अपील की । पंजाब का मसला हो, कश्मीर का मसला हो और चाहे फैजाबाद में बाबरी मस्जिद और जन्मभूमि का मसला रहा हो, उन्होंने आखिरी समय तक कहा कि यह तो कोर्ट का फैसला मान लो या आपस में बैठकर तय कर लो । वह हमारे बीच में नहीं रहे, इसका मुझे दुःख है । मैं उनको श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और मा0 अध्यक्ष जी से निवेदन करता हूं कि उनके परिवार को मेरी और मेरे दल की ओर से शोक संवेदनाएं भेज दें ।

*कुंवर रेवती रमण सिंह–

मान्यवर, मा0 स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी जी देश के उन नेताओं में से थे जिन्होंने इस देश की आजादी की लड़ाई में बहुत ही प्रमुख भूमिका अदा की और मान्यवर, उसी के साथ-साथ उन्होंने अपना जीवन पत्रकारिता से शुरू किया । काशी से उन्होंने अपनी पत्रकारिता शुरू की और सारे प्रदेश और देश में पत्रकारिता में उनका एक अहम स्थान रहा । मान्यवर, इसी के साथ-साथ पंडित जी में कई गुणों का समावेश था । वे साहित्यकार थे और उनकी रचनाएं आज हिन्दी जगत में अपना प्रमुख स्थान रखती हैं । मान्यवर, पंडित जी शुरू में इस प्रदेश के पार्लियामेन्टरी सेक्रेटरी बने और फिर

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

डा0 सम्पूर्णानन्द जी के मंत्रिमंडल में उनका एक प्रमुख स्थान रहा । वे शिक्षा मंत्री और गृह मंत्री के रूप में रहे और फिर मान्यवर, वे इस प्रदेश के मुख्य मंत्री भी बने । इस प्रदेश के मुख्यमंत्री के अलावा भारत सरकार में भी रहे । खास तौर से रेल मंत्रालय में उनके काम को आज भी लोग याद करते हैं ।

मान्यवर, पंडित जी के न रहने से आज एक रिक्तता आयी है । संसदीय प्रणाली में जो पार्टियों में एक दर्शन था एक आदर्श था वह धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है । मान्यवर, मुझे याद है कि जब कांग्रेस पार्टी में पहली बार विभाजन हुआ, पंडित जी उन नेताओं में थे जो मूल पार्टी के साथ रहे, उन्होंने कभी मूल पार्टी को छोड़ा नहीं । बाद में वर्किंग प्रेसीडेंट के रूप में कांग्रेस पार्टी में विद्यमान थे । उनके कुछ वैचारिक मतभेद हुए और उन्होंने पत्र तो जरूर लिखा और अपना मतभेद भी मुद्दों पर प्रकट किया लेकिन मान्यवर उन्होंने पार्टी छोड़ी नहीं । एक ऐसा उनका आदर्श था जो जीवनपर्यन्त उन्होंने उस वृत को कायम रखा । मान्यवर, ऐसे महान नेता के प्रति मैं अपनी ओर से उनके शोक संतप्त परिवार तक अपनी संवेदना आपके द्वारा भेजना चाहता हूं जनता दल और मेरी ओर से संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार तक भेजने की कृपा करें ।

(श्री अध्यक्ष द्वारा श्री राम स्वरूप वर्मा का नाम पुकारा गया परन्तु वे सदन में उपस्थित नहीं थे)

श्री अध्यक्ष–

पंडित कमलापति त्रिपाठी का निधन दिनांक 8 अक्टूबर, 1990 को प्रातः 1 बजकर 30 मिनट पर हो गया । वह लगभग 85 वर्ष के थे । पंडित कमलापति त्रिपाठी का जन्म सन् 1905 में जनपद वाराणसी में हुआ था । पंडित जी ने काशी विद्यापीठ वाराणसी से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की थी । वे सर्वप्रथम सन् 1937 में सामान्य निर्वाचन में निर्वाचन क्षेत्र बनारस पूर्व जनपद वाराणसी से कांग्रेस के टिकट पर उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित हुए तत्पश्चात् वे सन् 1946, 1952, 1957, 1962, 1967 तथा 1969 के सामान्य निर्वाचनों में भी उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य निर्वाचित होते रहे । वे लोक सभा और राज्य सभा के भी सदस्य रहे । पंडित कमलापति त्रिपाठी कांग्रेस के अग्रणी नेता थे । श्री त्रिपाठी संविधान सभा के भी सदस्य रहे । वे उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल में सन् 1952 से 1967 तक मंत्री तत्पश्चात् 1969 में उप मुख्य मंत्री एवं अप्रैल 1971 से जून 1973 तक उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री रहे ।

पंडित जी केन्द्र में भी परिवहन मंत्री एवं रेलमंत्री के पद पर आसीन रहे । 30 मार्च, 1977 से 7 जनवरी, 1980 तक वे राज्य सभा में नेता विरोधी दल भी रहे । पंडित जी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय कांग्रेस (आई) के कार्यवाहक अध्यक्ष भी रहे । पंडित कमलापति त्रिपाठी महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे तथा सन् 1921 के असहयोग आन्दोलन में भाग लिया था साथ ही वे एक जाने-माने पत्रकार भी थे । हिन्दी तथा संस्कृत के विद्वान व ग्रन्थकार थे । उन्हें गांधी दर्शन से सम्बद्ध पुस्तक पर मंगला प्रसाद पारितोषिक पुरस्कार प्रदान किया गया था ।

विधान सभा में दिसम्बर, 1987 में जब विधान सभा की स्वर्ण जयन्ती मनायी गयी तो पंडित कमलापति त्रिपाठी जी को भी आमंत्रित किया गया था उनका सम्मान भी उनको सुपुर्द किया गया था । पंडित कमलापति त्रिपाठी जी हमारे देश की अद्भुत प्रतिभा थे । आप सबको अच्छी तरह से मालूम है कि उन्हें हमारे देश से कितना प्यार था । देश भावना के अन्तर्गत जो भी कार्य किया उससे परिलक्षित होता है कि उनका प्यार इस देश की माटी से बहुत जुड़ा हुआ था । रेल मंत्री के नाते उन्होंने जितनी रेलें चलवायीं उन रेलों का नाम नदियों के नाम पर भी रखा जैसे गोमती एक्स0, गंगा जमुना एक्स0, काशी विश्वनाथ एक्स0 व गंगा कावेरी आदि-आदि उनके नाम रखे । सबसे बड़ी बात हमारे सबके लिये है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा में उनका बहुत योगदान रहा हमें इस बात का गर्व है । मेरी भी थोड़ी बहुत जानकारी इस विधान सभा से जुड़ी हुई है, उनका अद्भुत व्यक्तित्व था । संसदीय शब्दों का प्रयोग शांत भाव से वह तर्क प्रस्तुत करने के लिये बराबर करते थे । मुझे आशा है कि आज की पीढ़ी और आगे आने वाली पीढ़ी उनकी बातों से सबक लेगी । आज हमारे दल के विभिन्न नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये हैं और जो

अपनी संवेदनाओं के भाव व्यक्त करने के लिए उनके परिवार तक पहुंचाने के लिए कहा है, मैं उसके अनुरूप आप सब के विचारों को उनके परिवारों को भेज दूंगा । अब आपसे निवेदन है कि कृपया दो मिनट के लिए खड़े होकर मौन धारण करें ।

(सदन में दिवंगत आत्मा की शांति के लिये सभी मा0 सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए ।)

विधान सभा के भूतपूर्व सदस्य श्री मलखान सिंह, श्री राम जियावन, श्री दौलत लाल, श्री यशपाल सिंह, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, श्री अम्बा प्रसाद वर्मा, श्री काशी प्रसाद पाण्डेय, श्री मोहम्मद अमीन अंसारी, श्री मुल्की राज, श्री रघुनाथ राम, श्री कामता प्रसाद विद्यार्थी, श्री वंश गोपाल चौबे, श्री मथुरा प्रसाद पाण्डेय, चौधरी दाताराम, श्री राम मुश्ताक, श्री आत्माराम पाण्डेय, श्री जगन प्रसाद रावत, चौधरी मुल्तान सिंह तथा श्री राम चरन गंगवार के निधन पर शोकोद्गार

*मुख्य मंत्री (श्री मुलायम सिंह यादव)–

अध्यक्ष महोदय, इस सदन के 19 वर्तमान तथा भूतपूर्व सदस्य, जिन्होंने इस सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेकर प्रदेश की जनता की सेवा की उनकी दुखद मृत्यु की सूचना देते हुए हमें बहुत अफसोस है । ये 19 व्यक्ति हैं-- स्व0 श्री मलखान सिंह, जालौन, स्व0 श्री श्रीराम जियावन, सुल्तानपुर, स्व0 श्री दौलत लाल, आजमगढ़, स्व0 श्री यशपाल सिंह, बुलन्दशहर, स्व0 श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, कानपुर, स्व0 श्री अम्बा प्रसाद वर्मा, बरेली, स्व0 श्री काशी प्रसाद पाण्डेय, सुल्तानपुर, स्व0 श्री मोहम्मद अमीन अन्सारी, इलाहाबाद, स्व0 श्री मुल्की राज, सहारनपुर, स्व0 श्री रघुनाथ राम, बलिया, स्व0 श्री कामता प्रसाद विद्यार्थी, वाराणसी, स्व0 श्री बंश गोपाल चौबे, फर्रुखाबाद, स्व0 श्री मथुरा प्रसाद पाण्डेय, सिद्धार्थनगर, स्व0 श्री दाता राम, सहारनपुर, स्व0 श्री राम मुश्ताक, सहारनपुर, स्व0 श्री आत्मा राम पाण्डेय, गाजीपुर, स्व0 श्री जगन प्रसाद रावत, आगरा, स्व0 चौधरी मुलतान सिंह, फिरोजाबाद, स्व0 श्री राम चरन लाल गंगवार, बरेली ।

अध्यक्ष महोदय, जो आपके सामने 19 नाम हमने पढ़े हैं उन्होंने सदन में रह करके और सदन के बाहर राजनीतिक जीवन और सामाजिक जीवन में समाजवाद और समाज के शोषण के खिलाफ लड़ाई लड़ी । उनमें बहुत से लोगगण, जैसे–स्व0 श्री मुल्कीराज, स्व0 चौधरी मुलतान सिंह और अन्य कई स्वर्गीय सदस्य हैं, जिनके साथ हमने समाजवाद लाने के लिए, गरीबी मिटाने के लिए, शोषण मिटाने के लिए काम किया है । कुछ मा0 सदस्य ऐसे भी हैं जिन्होंने शिक्षा के प्रसार और प्रचार के लिए बहुत बड़ा काम किया है । मान्यवर, कई ऐसे सदस्य हैं जिन्होंने आजादी की लड़ाई में भी विशेष योगदान दिया । ऐसे महान नेता, जिन्होंने सदन में रहकर के प्रदेश की सेवा की, उनके निधन से हमें दुख है । आपसे प्रार्थना है कि हमारे दल और सदन की ओर से हमारी संवेदनाएं और भावनाएं उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

नेता विरोधी दल (श्री नारायण दत्त तिवारी)–

श्रीमन्, जिन 19 विभूतियों के निधन के संबंध में माननीय नेता सदन ने अभी अपने विचार व्यक्त किए हैं, मैं उनसे अपने को संबद्ध करता हूं । श्रीमन् श्री जगन प्रसाद रावत एक ऐसे महान व्यक्ति और प्रदेश के जाने माने नेता थे, जिन्होंने सन् 1921 से आजादी की लड़ाई में भाग लेकर और उसके बाद तक स्वतंत्रता के आन्दोलन में अग्रणी योगदान दिया, हमारे देश और प्रदेश को । श्री जगन प्रसाद रावत जी ने हमारे प्रदेश में पंत मंत्रिमंडल में सभा सचिव के रूप में तथा बाद में सार्वजनिक निर्माण मंत्री के रूप में बड़ा योगदान दिया । जो पी0 आर0 डी0 प्रादेशिक विकास दल कहलाता है, जो प्रान्तीय रक्षकदल भी कहलाता है, यह उनके नेतृत्व में ही गठित हुआ था । आज भी वह प्रादेशिक विकास दल हमारे प्रदेश में मुख्य रूप से भाग ले रहा है और विकास से जुड़े संगठनों की पंक्ति में आगे खड़ा है । आगरा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जन जीवन में वह विशेष रूप से आजीवन प्रेरणा के श्रोत रहे । अपनी रुग्णावस्था में भी वह आगरा नगर में और जिले में तथा अन्य जनपदों के विकास के लिए निरन्तर पूरी तरह जागरूक रहे । वहां की हर प्रमुख सभा में, हर सार्वजनिक कार्य में हमने उनको हर जगह पाया ।

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

श्रीमन् श्री मोहम्मद अमीन अन्सारी इस राज्य में मंत्रिमंडल के सदस्य रहे । बुनकर भाईयों के उत्थान के लिए निर्मित हैण्डलूम कारपोरेशन की स्थापना में उनका बड़ा योगदान रहा, वह राज्य सभा के सदस्य भी रहे । उनका देहावसान ऐसे समय हुआ, जब वह हज यात्रा के लिए मक्का-मदीना जा रहे थे, आज हम श्री मोहम्मद अमीन अन्सारी के प्रति अपनी हार्दिकतम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं मेरा आपसे निवेदन है कि उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी श्रद्धांजलि पहुंचा दें ।

श्रीमन्, चौधरी मुल्तान सिंह जी एक प्रख्यात समाजसेवी नेता हमारे प्रदेश के थे । वह चार बार विधान सभा के सदस्य रहे । वह टुण्डला टाउन एरिया के चेयरमैन रहे और प्राक्लन समिति से लेकर सिंचाई बोर्ड तक अनेक समितियों तथा संस्थाओं के वह सदस्य रहे । चौधरी मुल्तान सिंह जी का व्यक्तित्व तथा उनकी सामाजिक सेवा सदैव चिरस्मरणीय रहेगी । इसी प्रकार श्री मथुरा पाण्डेय जी की पुर्वान्चल में एक प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में बड़ी ख्याति रही । स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान 3 वर्ष तक लगातार वह बन्दी रहे । बाद में वह चार बार विधान सभा के तथा 3 बार विधान परिषद् के सदस्य रहे । सिद्धार्थनगर जनपद के निर्माण में उनका बड़ा योगदान रहा । इस सदन के हमारे वरिष्ठ सदस्यों के मन में श्री मथुरा प्रसाद पाण्डेय जी के व्यक्तित्व की स्मृति भली भांति अंकित है ।

श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह क्रान्तिकारी स्वभाव के व्यक्ति थे । उनके निधन से न केवल कानपुर नगर तथा कानपुर देहात बल्कि पूरे प्रदेश के जनजीवन को भारी क्षति पहुंची है । चन्देल साहब समाजवादी विचारधारा के एक सच्चे अनुयायी थे । पहले समाजवादी दल तथा बाद में प्रजा समाजवादी दल में उन्होंने लगातार तब तक कार्य किया जब तक कि उसका विलयन कांग्रेस में अशोक मेहता जी के साथ, चन्द्रशेखर जी के साथ नहीं हो गया । उसके बाद वह सन् 1980 में विधान सभा के लिए चुने गये । मुझे व्यक्तिगत जानकारी है कि रामगंगा कमाण्ड एरिया के निर्धारण तथा विकास के लिए भी उन्होंने बहुत कार्य किया ।

इसी प्रकार श्री मुल्की राज जी थे । इस विधान सभा के लिए 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुने गये थे । वह लोक सभा के सदस्य भी रहे । श्री मुल्कीराज की आवाज किसानों की आवाज थी । समाजवादी आन्दोलन में मैंने उन्हें काम करते हुए देखा था उनके भाषणों को सुना । किस प्रकार उन्होंने खेती के विकास के माध्यम से और किसानों की उन्नति के माध्यम से इस प्रदेश की जो सेवा की, उसकी अपनी अलग एक पहचान है । समाजवादी आन्दोलन के ऐसे पुराने व कर्मठ सेनानी के निधन पर हम हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।

श्री यशपाल सिंह जी बुलन्दशहर के रहने वाले थे । उन्होंने स्वर्गीय स्वनामधन्य श्री बनारसी दास जी के साथ राजनैतिक जीवन में बड़ा योगदान किया । वह विधान सभा व विधान परिषद् दोनों के सदस्य रहे । श्री दौलत लाल जी जो आजमगढ़ के रहने वाले थे वह भी एक प्रखर समाजवादी थे । वह इस सदन में लगातार किसानों की व मजदूरों की आवाज को उठाते रहे । श्री मलखान सिंह जी जालौन के रहने वाले थे । वह भी अपनी लगन तथा विचारों के धनी थे । उनके प्रति भी हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । श्री कामता प्रसाद विद्यार्थी जी इस देश की आजादी की लड़ाई में एक प्रमुख सेनानी के रूप में प्रख्यात रहे । उन्होंने दीर्घकालीन तक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में और बाद में विधायक के रूप में बनारस व पूर्वान्चल की बहुत सेवा की है । श्री रघुनाथ राम जी भी एक समर्पित राजनीतिक व्यक्ति थे । मैं उनके प्रति भी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं । श्री काशी प्रसाद पाण्डेय जी सुल्तानपुर के रहने वाले थे । वह 1952 में पहली बार इस सदन में चुनकर आये थे । उनकी भव्य धवल काया इस सदन की शोभा बढ़ाती थी ।

श्री अम्बा प्रसाद वर्मा जी दो बार इस विधान सभा के सदस्य रहे । हम लोग काफी समय तक साथ-साथ रहे । मैंने श्री वर्मा जी को नजदीक से काम करते देखा है । बहेड़ी महाविद्यालय की स्थापना करने में उन्होंने बहुत बड़ा योगदान किया । गन्ना समिति के माध्यम से उन्होंने सीमा खेड़ा में चीनी मिल की स्थापना में भी कीफी योगदान दिया । उन्होंने बहेड़ी क्षेत्र की सेवायें बड़ी लगन व निष्ठा से की । उनकी सेवायें चिरस्मरणीय रहेंगी । इसी तरह श्री दाता राम, सहारनपुर तथा स्व0 श्री राव मुश्ताक, सहारनपुर की स्मृति भी दीर्घकाल तक बनी रहेगी । श्री राव मुश्ताक बड़े

बहादुर व जीवट वाले व्यक्ति थे । इस सदन में भी वह विशेष शैली में भाषण करते थे । मुझे यह अच्छी तरह से याद है । स्व0 श्री राम चरन लाल गंगवार मीरगंज (बरेली) से पहली बार विधान सभा में चुनकर आये थे । कांग्रेस दल की उन्होंने बहुत सेवायें कीं । स्व0 श्री वंश गोपाल चौबे जी भी एक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी थे । वह छिबरामऊ (फर्रुखाबाद) से चुनकर आये थे । राजनीतिक तथा सार्वजनिक जीवन में उनका भी बड़ा योगदान रहा । इसके अलावा कई सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों में उन्होंने अपना बड़ा योगदान किया है । श्री चौबे जी के प्रति भी हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं । श्रीमन्, मुझे विश्वास है कि इस सदन के सदस्य रहे इन सभी श्रद्धेयजनों के शोक संतप्त परिवारों तक मेरी ओर से और मेरे दल की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि व संवेदना के ये भाव प्रेषित करने की कृपा करेंगे ।

श्री कल्यान सिंह–

मान्यवर, श्री मलखान सिंह, जालौन, श्री राम जियावन सुल्तानपुर, श्री दौलत लाल, आजमगढ़, श्री यशपाल सिंह, बुलन्दशहर, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, कानपुर, श्री अम्बा प्रसाद वर्मा, बरेली, श्री काशी प्रसाद पाण्डेय, सुल्तानपुर, श्री मोहम्मद अमीन अंसारी, इलाहाबाद, श्री मुल्की राज, सहारनपुर, श्री रघुनाथ राम, बलिया, श्री कामता प्रसाद विद्यार्थी, वाराणसी, श्री वंश गोपाल चौबे, फर्रुखाबाद, श्री मथुरा प्रसाद पाण्डेय, सिद्धार्थनगर, श्री दाता राम, सहारनपुर, श्री राव मुश्ताक, सहारनपुर, श्री आत्मा राम पाण्डेय, गाजीपुर, श्री जगन प्रसाद रावत, आगरा, चौधरी सुल्तान, सिंह, फिरोजाबाद तथा श्री राम चरन लाल गंगवार, बरेली यह मान्यवर, 19 महानुभाव आज हमारे बीच नहीं रहे, इसका हम सब को आज बहुत दुख है, यह सभी अपने अपने जनपदों के नेता थे और इनमें से कोई ऐसा भी था जो प्रदेश स्तर का नेता था, उनमें से मैं कई लोगों को जानता भी हूं और इनमें से कई एक से अधिक बार इस सम्मानित सदन के अन्दर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से चुनकर आये थे, यह उनकी लोक प्रियता का ही प्रतीक है, इनके उठ जाने से जो रिक्तता हमारे बीच हुई है, उसे जल्दी भरा नहीं जा सकता है । मैं अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से शोक संतप्त परिवार तक आपके माध्यम से संवेदनायें भेजना चाहता हूं । इसलिए आपसे प्रार्थना है कि मेरी यह प्रार्थना उन शोकाकुल परिवार तक पहुंचा दें कि भगवान उन्हें इतने बड़े दुख को वर्दाश्त करने की क्षमता व धैर्य दे । यह संवेदनाएं कृपया उनके शोक संतप्त परिवार तक कृपया भिजवा दें ।

श्री राम चन्द्र बख्श सिंह–

मान्यवर, आज यह समाचार सुनकर हम सभी लोगों को बहुत दुख है कि हमारे बीच से 19 भूतपूर्व माननीय सदस्यगण उठ गए । इन माननीय सदस्यों के बारे में माननीय नेता सदन, मा0 नेता विरोधी दल तथा मा0 कल्यान सिंह जी ने जो शोकोद्गार रक्खे, इन विचारों से मैं अपने को व अपने दल को सम्बद्ध करते हुए आपसे अनुरोध करता हूं कि शोक संतप्त परिवार तक हमारी संवेदनाएं भी भेजने की कृपया करें ।

श्री राज किशोर सिंह–

मान्यवर, 19 सदस्यों के बारे में आज मा0 नेता सदन व नेता विरोधी दल, नेता भा0 ज0 प0 तथा नेता सी0 पी0 आई0 आदि ने जो भावनाएं व्यक्त की हैं, उससे मैं अपने को व अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, यह सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों के लोकप्रिय नेता थे, इनके निधन से हमारे देश में जो रिक्तता हुई है, वह जल्दी पूरी नहीं की जा सकती है । इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी ओर से तथा अपने दल की ओर से इन 19 भूतपूर्व मा0 सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं और आपसे अनुरोध करता हूं कि इन शोक संतप्त परिवार तक हमारी संवेदनाएं भेजने का कष्ट करें ।

श्री शेख मोहम्मद सुलेमान–

माननीय अध्यक्ष जी, यह इस सम्मानित सदन के 19 भूतपूर्व मा0 सदस्यों की सूची आज हमारे हाथ में है, जो हमारे बीच में नहीं रहे, स्व0 श्री मलखान सिंह, जालौन, श्रीराम जियावन, सुल्तानपुर, श्री दौलत राम, आजमगढ़, श्री यशपाल सिंह, बुलन्दशहर, श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह, कानपुर, श्री अम्बा प्रसाद वर्मा, बरेली, श्री काशी प्रसाद पाण्डेय, सुल्तानपुर, श्री मो0 अमीन अंसारी, इलाहाबाद, श्री मुल्कीराज, सहारनपुर, श्री रघुनाथ राम, बलिया, श्री कान्ता प्रसाद विद्यार्थी, वाराणसी;

श्री बंश गोपाल चौबे, फर्रुखाबाद, श्री मथुरा प्रसाद पाण्डेय, सिद्धार्थनगर, श्री दाता राम, सहारनपुर, श्री राय मुश्ताक, सहारनपुर, श्री आत्मा राम पाण्डेय, गाजीपुर, श्री जगन प्रसाद रावत, आगरा, चौधरी मुल्तान सिंह, फिरोजाबाद तथा स्व0 श्री राम चरन लाल गंगवार, बरेली आदि सभी के बारे में बड़े दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि यह लोग आज हमारे बीच नहीं रहे । यह लोग अपने पूरे जीवन काल में लोगों की सेवा करते रहे और खासकर गरीबों के, उनकी मुश्किलों को आसान करने के लिए हमेशा लड़ते रहे । मैं इन सभी को अपनी ओर तथा अपने दल की ओर से खिराजे-अकीदत व श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूँ । इसलिए मैं माननीय अध्यक्ष जी से यही अनुरोध करूंगा कि वे कृपया हमारे व हमारे दल की ओर से जो शोक संतप्त परिवार के लिए संवेदनाएं व्यक्त की गयी हैं, भिजवाने की कृपा करें ।

*श्री रघुवंश रमण सिंह–

मान्यवर यह आज जो 19 भूतपूर्व मा0 स्व0 सदस्यों के बारे में निधन संवेदनाएं सम्मानित सदन में दी गयी हैं, को सुनकर बहुत दुःख हुआ है कि इतने छोटे से अंतराल में जो कि पिछली विधान सभा में हम लोगों से मिले थे, परन्तु आज नहीं रहे, मान्यवर, इतने ही अंतराल में इतने लोगों का निधन हो गया, इसलिए बड़े दुख की बात है और . .

(समय 12 बजकर 05 मिनट)

मान्यवर, इन लोगों का योगदान किन्हीं न किन्हीं क्षेत्रों में विशेष रूप से रहा है । किन्हीं का राजनीतिक क्षेत्र में, किन्हीं का शिक्षा के क्षेत्र में, किन्हीं का सामाजिक क्षेत्र में और किसी का कृषि के क्षेत्र में योगदान रहा है । इन लोगों के आज उठ जाने से हार्दिक दुख है और क्लेश है । मैं आपके माध्यम अपनी ओर से और जनता दल की ओर से अनुरोध करता हूं कि आप शोक संतप्त परिवारों को संवेदना भेजने का कष्ट करें ।

श्री अध्यक्ष–

श्री मलखान सिंह ने अपना प्रारम्भिक जीवन पोस्ट आफिस में लिपिक के पद से प्रारम्भ किया था । कालान्तर में राजनैतिक भावनाओं से प्रेरित होकर उन्होंने राजकीय सेवा से त्याग पत्र देकर राजनीति में प्रवेश किया तथा जन सेवा में लग गये । योग, अध्यात्म और धार्मिक व सामाजिक बुद्धिजीवी व्यक्तियों से सम्पर्क करना उनको अधिक पसन्द था । श्री मलखान सिंह के निधन से जनपद जालौन ने एक कुशल समाजसेवी को खो दिया है । श्री राम जियावन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, पंचायत अदालत के सरपंच तथा कांग्रेस कमेटी के सदस्य रह चुके हैं । वे कई बार जेल गये । उन्होंने सर्वेशकृत रामायण, सर्वेश पद्य रत्नावली, दि गार्डन आफ ह्यूमैनिटि का प्रकाशन कराया । श्री राम जियावन के निधन से जनपद सुल्तानपुर ने एक कुशल समाजसेवी खो दिया है। श्री दौलत लाल प्राइमरी स्कूल के अध्यापक रहे । उन्होंने सन् 1942 के आन्दोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और जेल गये । श्री दौलत लाल आजादी के बाद डा0 राम मनोहर लोहिया के सम्पर्क में आये और टाउन एरिया फूलपुर के प्रथम चेयरमैन बने । अन्त में उनका मानसिक सन्तुलन बिगड़ गया था जो उनकी मृत्यु का कारण बना । श्री दौलत लाल के निधन से जनपद आजमगढ़ ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी खो दिया है ।

श्री यशपाल सिंह भारत सेवक समाज बुलन्दशहर के अध्यक्ष तथा जिला सहकारी संघ बुलन्दशहर के निदेशक एवं अध्यक्ष रहे । उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी भूमि विकास बैंक एवं प्रान्तीय सहकारी संघ, उत्तर प्रदेश के निदेशक रहे । वे ब्लाक कमेटी, सिकन्दराबाद के ब्लाक प्रमुख भी रहे । सन् 1979 में छः दिन कारागार, बुलन्दशहर में बन्दी रहे । सहकारिता एवं ग्राम्य उद्योग के कार्यों में उनकी विशेष रुचि थी । श्री यशपाल सिंह के निधन से जनपद सुल्तानपुर ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है । श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह प्रजा सोशलिस्ट पार्टी द्वारा चलाये गये आन्दोलनों में सफल भूमिका निभाते हुए पांच बार जेल गये । ये सोशलिस्ट पार्टी के जिला मंत्री, प्रचार मंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद पर रहे । सन् 1971 तक उन्होंने सोशलिस्ट पार्टी में अनेक

*वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया । सन् 1978 से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रहे । अन्तिम समय तक वे राम गंगा कमान्ड के सदस्य रहे । कृषि कार्यों में तथा कृषि समस्याओं को हल करने में उनकी विशेष रुचि थी ।

श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह के निधन से जनपद कानपुर ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है । श्री अम्बा प्रसाद वर्मा विधान सभा की आश्वासन समिति के वर्ष 1984-85 तथा सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम समिति के सदस्य रहे । वे अध्यक्ष गन्ना समिति बहेड़ी, बरेली 1971 से 1977 तथा प्रबन्धक गन्ना उत्पादक महाविद्यालय, बहेड़ी, बरेली 1971 से 1977 तक रहे । सड़कों एवं पुलों के निर्माण में आप विशेष प्रयत्नशील रहे । राष्ट्र उत्थान में आपकी विशेष रुचि थी । कृषि एवं पर्यटन आपको प्रिय था । श्री अम्बा प्रसाद वर्मा के निधन से जनपद बरेली ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है । श्री काशी प्रसाद पान्डे ने अपने जीवन काल में कादीपुर में नेशनल इण्टर कालेज की स्थापना की, जिसके वे स्वयं प्रबन्धक एवं संस्थापक थे । श्री काशी प्रसाद पाण्डेय के निधन से जनपद सुल्तानपुर ने एक कुशल समाजसेवी खो दिया है ।

श्री मोहम्मद अमीन अंसारी श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के मंत्रिमंडल में राज्य मंत्री तथा श्री श्रीपति मिश्र मंत्रि मंडल में राज्य मंत्री रहे । विभिन्न आन्दोलनों में वे 5 बार जेल गये । श्री अंसारी अनेक शिक्षा संस्थाओं से सम्बद्ध रहे । वे मऊ आइमा स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य बुनकर संघर्ष समिति के महामंत्री, राज्य मोमिन कांग्रेस के महामंत्री, यू0 पी0 कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पार्लियामेंटरी बोर्ड के सदस्य भी रहे । अखिल भारतीय पावरलूम एसोसियेशन के मंत्री भी रहे । वे समाजसेवी तथा दलित उत्थान के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे । फुटबाल आपका प्रिय खेल था तथा समाचार पत्रों में आपकी विशेष रुचि थी । श्री अंसारी के निधन से जनपद इलाहाबाद ने एक कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया । श्री मुल्कीराज ने सन् 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया और जेल गये । सन् 1946 में जिला परिषद् के सदस्य एवं तालीमी कमेटी के अध्यक्ष रहे । आजादी के बाद सन् 1948 में जय प्रकाश जी के साथ कांग्रेस पार्टी को छोड़कर सोशलिस्ट पार्टी में आये । सन् 1954 में सिंचाई कर वृद्धि के विरोध में लोहिया जी के साथ जेल गये । श्री मुल्कीराज सन् 1979 से सन् 1983 तक लोकदल के जिला अध्यक्ष रहे । श्री मुल्कीराज के निधन से जनपद सहारनपुर ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्रता सेनानी खो दिया ।

श्री रघुनाथ राम प्राइमरी स्कूल के अध्यापक थे । वे किसान सभा तथा कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता भी रहे । पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी । श्री रघुनाथ राम के निधन से जनपद बलिया ने एक कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया ।

श्री कामता प्रसाद विद्यार्थी जिला कांग्रेस कमेटी आरा के सदस्य रहे । प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी बिहार एवं उत्तर प्रदेश के भी आप सदस्य रहे । बक्सर फुटबाल क्लब के भी सदस्य रहे । श्री विद्यार्थी जी सन् 1942 में अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन के संचालक भी रहे । स्वतंत्रता आन्दोलनों में भाग लेने के कारण बहुत बार जेल गये । अध्ययन एवं बागवानी में उनकी विशेष रुचि थी ।

श्री कामता प्रसाद विद्यार्थी के निधन से जनपद वाराणसी ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्रता सेनानी खो दिया ।

श्री वंश गोपाल चौबे विशेष रूप से कृषि सम्बन्धी कार्य करते थे । सन् 1942 में उन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन में भाग लिया और जेल गये । सन् 1948 में वे जिला बोर्ड के सदस्य तथा शिक्षा समिति के अध्यक्ष बने । तत्पश्चात् जिला बोर्ड के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया । वे कई शिक्षा संस्थाओं से भी सम्बद्ध रहे । सन् 1975-76 में डी0 आई0 आर0 तथा मीसा के अन्तर्गत जेल गये । वे ग्राम सभा तरगांवा के कई बार प्रधान चुने गये । पिछले पांच वर्षों में उन्होंने विश्व हिन्दू परिषद् में सक्रिय योगदान दिया ।

श्री वंशगोपाल चौबे के निधन से जनपद फर्रुखाबाद ने एक महान् स्वतंत्रता सेनानी एवं कर्मठ राजनीतिज्ञ खो दिया ।

श्री मथुरा प्रसाद पांण्डेय जिला कारागार जेल में तीन वर्षों तक लगातार राजनीतिक बन्दी रहे तथा अनेक बार जुर्माना भी भरना पड़ा । श्री पांडेय विधान सभा की लोक लेखा समिति के भी सदस्य रहे हैं । शिवाजी माध्यमिक विद्यालय, बस्ती के पिछले कई वर्षों से प्रबन्धक रहे । सामाजिक उपन्यास पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी ।

श्री मथुरा प्रसाद पांडेय के निधन से जनपद सिद्धार्थनगर ने एक कर्मठ स्वतंत्रता सेनानी एवं कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है ।

चौधरी दाताराम जिला बोर्ड के सदस्य रहे । वे प्रान्तीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य तथा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधानमंत्री भी रहे । चौधरी साहब सन् 1942 की क्रांति में एक वर्ष नजर बन्द रहे । वे कृषि इण्टर कालेज रामपुर की कार्यकारिणी के सदस्य रहे ।

चौधरी दाताराम के निधन से जनपद सहारनपुर ने एक कर्मठ राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्रता सेनानी खो दिया है ।

श्री राव मुश्ताक इस्लामिया इन्टर कालेज सहारनपुर के वाइस प्रेसीडेन्ट रहे । वे मुस्लिम इन्डस्ट्रियल गर्ल्स इन्टर कालेज के लाइफ मेम्बर तथा कासिम-उल-उलय के सदर थे । उन्होंने साउदी अरेबिया तथा पाकिस्तान की यात्रा भी की ।

श्री राव मुश्ताक के निधन से जनपद सहारनपुर ने एक कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है ।

श्री आत्माराम पाण्डेय ने कांग्रेस आन्दोलन में कई बार भाग लिया और कई बार जेल गये । वे उच्च कोटि के स्वतंत्रता सेनानी थे । श्री पांडेय ने एक माह महात्मा गांधी के साथ रहकर देश की सेवा की । सन् 1952 से सन् 1988 तक टाउन नेशनल इन्टर कालेज सैदपुर के व्यवस्थापक रहकर शैक्षिक संस्था को सुचारु रूप से चलाने में योगदान दिए थे । पुस्तकों को पढ़ने का आपको विशेष शौक था ।

श्री आत्माराम पाण्डेय के निधन से जनपद गाजीपुर ने एक कर्मठ राजनीतिज्ञ एवं स्वतंत्रता सेनानी को खो दिया है ।

श्री जगन प्रसाद रावत जिला कांग्रेस कमेटी आगरा के अनेकों वर्षों तक प्रधान मंत्री तथा दीर्घकाल तक अध्यक्ष रहे । श्री रावत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अनेक वर्षों तक रहे हैं । वे कांग्रेस विधान दल के मंत्री तथा सचेतक रहे । आगरा विश्वविद्यालय तथा अलीगढ़ विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य अनेक वर्षों तक रहे । श्री रावत सन् 1961 से नेशनल कोआपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी एण्ड वेयरहाउसिंग बोर्ड के सदस्य रहे । उन्होंने भारत सरकार के कृषि विषयक प्रतिनिधिमंडल में रूस, फिनलैंड सहित अनेक देशों के आन्तरिक भागों में अनेक वनों, कृषि फार्मों तथा सहकारी कार्यकलापों का निरीक्षण किया । इस अवधि में वह मुख्यमंत्री के सभा सचिव, उप मंत्री तथा मंत्री भी रहे ।

श्री रावत स्वतंत्रता सेनानी के रूप में सन् 1930 से 1934 तक तथा सन् 1940 से 1945 तक प्रायः प्रतिवर्ष राष्ट्रीय आन्दोलनों में जेल गये तथा अनेक जेलों में रहे । वे भारत सेवक समाज के सदस्य रहे । क्रिकेट हाकी तथा फुटबाल के खिलाड़ी थे । संगीत, कला साहित्य तथा बागवानी में उनकी विशेष रुचि थी ।

श्री जगन प्रसाद रावत के निधन से जनपद आगरा ने एक महान स्वतंत्रता सेनानी तथा कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया । चौधरी मुल्तान सिंह ने सन् 1947 में राजनीति में पदार्पण किया । वे सन् 1947 से 1954 तक टुंडला टाउनएरिया के चेयरमैन रहे । चौधरी मुल्तान सिंह चौबीस शिक्षा समिति, मोहान जिला बुलन्दशहर के प्रधान रहे । वे सन् 1962 से 1967 तक राज्य चकबन्दी एवं सिंचाई बोर्ड के सदस्य तथा 1972 से 1973 तक विधान सभा की प्राक्कलन समिति के सदस्य रहे । वे ए0 के कालेज शिकोहाबाद के मैनेजिंग कमेटी के सदस्य रहे । कृषि तथा घुड़सवारी में उनकी विशेष रुचि थी ।

चौधरी मुल्तान सिंह के निधन से जनपद फिरोजाबाद ने एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी खो दिया है ।

श्री रामचरन लाल गंगवार सन 1940 में डिस्ट्रिक कोआपरेटिव बैंक के डायरेक्टर चुने गये । तत्पश्चात् वर्ष 1957 से वर्ष 1977 तक पटेल इण्टर कालेज, धौरां टांडा के मैनेजर रहे ।

श्री रामचरन लाल गंगवार के निधन से जनपद बरेली ने एक कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है ।

बंधुवर आप सभी लोगों ने इस सदन के सम्मानित साथियों के निधन पर जो अपने विचार व्यक्त किए हैं और भावनायें व्यक्त की हैं उनके अनुरूप उनके परिवार तक इस सदन की संवेदना भेज दी जायेगी । आप सब से निवेदन है कि उनके सम्मान में दो मिनट खड़े होकर श्रद्धांजलि अर्पित करें ।

(दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए)

श्री अध्यक्ष–

स्व0 पं0 कमलापति त्रिपाठी जी के सम्मान में सदन की कार्यवाही आज स्थगित की जाती है । कल 11 बजे फिर मिलेंगे ।

(इसके बाद सदन 12 बजकर 12 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिए स्थगित हो गया ।)

भाल चन्द्र शुक्ल,
सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश ।

लखनऊ :
19 नवम्बर, 1990

विधान सभा उत्तर प्रदेश

पी0एच0यू0पी0-एल0 387 वि0 सभा(641)-1990-813 ।